Series 79 - SKNAS -Death of Krishna and Legend of Lord Jagannath / सत्य के नाम पर असत्य – कृष्ण की मृत्यु और भगवान जगन्नाथ की कथा

सतपंथ दसावतार कथा करते श्री जनार्दन महाराज

दिनांक: 28-Mar-2020

सतपंथ के स्थापक पीर सदरुद्दीन और उनके पौत्र सैयद इमामशाह (उर्फ इमामशाह महाराज) ने भारत में इस्लाम का प्रचार प्रसार करने के अपने कार्य को आसान बनाने के लिए, हिन्दू धर्म के श्रीमद भागवत दसावतार ग्रंथ में मिलावट कर भ्रष्ट किया।

इसमें चाल यह थी की हिन्दू देवी-देवताओं के मुख से इस्लाम का छुपा प्रचार करवाया और हिन्दू धर्म के मूल्य और आदर्शों की उपेक्षा कर उन्हें हल्का अथवा तो गौण बताया गया।

परिणाम यह आया की हिन्दू अपने देवी-देवताओं के मुख से हुए इस प्रचार के शिकार बन गए और अपने पूर्वजों और महान ऋषियों के द्वारा परंपरा में मिले हिन्दू मूल्यों, आदर्शों और रीति रिवाज में शर्म अनुभव करने लगे। इससे उनमें हिन्दू धर्म के प्रति हीनता की भावना निर्माण हुई। धीरे-धीरे जो लोग इस्लाम की तरफ देखते भी नहीं थे वह अब इस्लाम की ओर आकर्षित होने लगे। यह इसलिए हो पाया की बनावटी दसावतार ग्रंथ में हिन्दू देवी-देवताओं के मुख से इस्लाम के मूल्यों और आदर्शों को उच्च बताया गया था।

इस बनावटी ग्रंथ को जब हिंदुओं के बीच रखा गया तब उसे हिंदुओं का सच्चा दसावतार ग्रंथ कह कर रखा, जिससे पीर सदरुद्दीन और सैयद इमामशाह को सफलता मिली।

आज भी हिन्दू धर्म के नाम पर इसी दसावतार ग्रंथ की कथा हिंदुओं के बीच हो रही है। सतपंथ के एक साधु श्री जनार्दन महाराज जगह-जगह दसावतार कथा कर रहें हैं।

उनकी एक कथा थोड़े दिनों पहले गुजरात में "वडाली" नामक छोटे से शहर में हुई थी। उस कथा में वर्णित एक प्रसंग भगवान कृष्ण की मृत्यु और पूरी के भगवान जगन्नाथ की कथा को उदाहरण लेकर किस तरह दसावतार ग्रंथ में मिलावट की गई है और असत्य (झूठ) को कैसे युक्ति पूर्वक पिरोसा गया है, इसकी जानकारी दी गई है। वैसे तो असत्य पिरसे जाने के काई उदाहरण है.

आज भी कई अनजान भोले हिन्दू ऐसी कथा के कारण मूर्ख बन रहें है, इसकी गंभीरता समझने की जरूरत है। और लोगों तक सारी जानकारी पहुंचाने का यह प्रयत्न है।

हम किसी धर्म अथवा व्यक्ति अथवा संस्था इत्यादि की निंदा अथवा अपमान नहीं कर रहें हैं। न ही ऐसा कोई इरादा है। हम केवल सच जनता के बीच रख रहें हैं।

वीडियो लिंक: https://youtu.be/J_vQC19eR0I (https://youtu.be/J_vQC19eR0I)

Real Patidar
realpatidar.com

Archive.org : https://archive.org/details/series79

Download 1: Video : https://archive.org/download/series79/SKNAS-DeathofKrishnaAndLegendOfJagannath.mp4

Download 2: PDF : https://archive.org/download/series79/Series79-SKNAS-DeathOfKrishnaAndLegendOfLordJagannath.pdf